रजिस्ट्री सं० डी० (डी०)-73 REGISTERED NO.D.(D.)-73

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY GOVT OF INDIA

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 31] नई दिल्ली, शनिवार, अगस्त 4, 1979/श्रावण 13, 1901

No. 31] NEW DELHI, SATURDAY, AUGUST 4, 1979/SRAVANA 13, 1901

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

भारत निर्वाचन आयोग

आदेश

नई दिल्ली, 9 जुलाई, 1979

का०आ० 2620.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि अप्रैल, 1978 में हुए लोक सभा के लिए उप निर्वाचन के लिए II—बाह्य मणिपुर (अ० ज० जा०) संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री आर० मोयोल, कोमलथाबी, बी० पी० ओ० लिवाचेंगनिंग, मणिपुर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और, यतः, उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचना दिए जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री आर० मोयोल को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० 76/मणिपुर-लो० स०/2/78 (उप)]

वी० नागसुब्रमण्यन, सचिव

ELECTION COMMISSION OF INDIA

ORDER

New Delhi, the 9th July, 1979

S.O. 2620.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri R. Moyol, Komlathabi, B.P.O. Liwachangning, Manipur, a contesting candidate for bye-election to the House of the People, held in Apirl, 1978 from II-Outer Manipur (ST) Parliamentary Constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder ;

And whereas the said candidate, even after the notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason justification for the failure ;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri R. Moyol to be disqualified for being chosen as, and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order

[No. 76/MR-HP/2/78(Bye)]

V. NAGASUBRAMANIAN, Secy.

गृह मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 19 जुलाई, 1979

का०आ० 2621.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 24 की उपधारा (8) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा, नीचे दी गई तालिका के कालम 3 में दिखाए गए विशेष पुलिस स्थापना के मामलों के संबंध में उक्त तालिका के कालम 2 में निर्दिष्ट कलकत्ता के न्यायालयों में राज्य की ओर से अभियोजन का संचालन करने हेतु श्री शिशिर कुमार घोष, अधिवक्ता, कलकत्ता को विशेष लोक-अभियोजक के रूप में नियुक्त करती है :—

तालिका

क्रम सं०	न्यायालय का नाम	विशेष पुलिस स्थापना मामला संख्या
1.	अपर विशेष न्यायाधीश का न्यायालय, कलकत्ता	श्री बी० बी० ओझा तथा अन्यों के विरुद्ध नियमित मामला संख्या 62/75-वि० पु० स्थापना—कलकत्ता ।
2.	—यथोपरि—	श्री एस० के० बोस के विरुद्ध नियमित मामला सं० 47/72-वि० पु० स्थापना, कलकत्ता ।
3.	तीसरे अपर विशेष न्यायाधीश का न्यायालय कलकत्ता ।	श्री ए० के० डे० के विरुद्ध नियमित मामला स० 14/75-वि० पु० स्थापना—कलकत्ता ।

[सं० 225/10/79-ए० वी० डी०-II(i)]

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(Department of Personnel and Administrative Reforms)

New Delhi, the 19th July, 1979

S.O.2621.—In excercise of the powers conferred by sub-section (8) of section 24 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (2 of 1974) the Central Government hereby appoints Shri Sisir Kumar Ghosh, Advocate, Calcutta, as a Special Public Prosecutor for conducting the prosecution on behalf of the State in the Courts at Calcutta specified in column 2 of the Table below in relation to Special Police Establishment cases shown in column 3 thereof :

TABLE

Serial No. Name of the Court	SPE Case No.
(1) Court of Additional Special Judge, Calcutta.	Regular case No. 62/75-SPE Calcutta against Shri B.B. Ojha and others.
(2) -do-	Regular case N.o. 47/72-SPE Calcutta against Shri S.K. Bose.
(3) Court of 3rd Additional Special Judge, Calcutta.	Regular case No. 14/75-SPE Calcutta against Shri A.K.Dey

[No. 225/10/79-AVD. II(i)]

का०आ० 2622.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 24 की उपधारा (8) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा नीचे दी गई तालिका के कालम 3 में दिखाए गए विशेष पुलिस स्थापना के मामलों के संबंध में उक्त तालिका के कालम 2 में निर्दिष्ट कलकत्ता के न्यायालयों में राज्य की ओर से अभियोजन का संचालन करने हेतु श्री दुर्गापद दत्त, अधिवक्ता, कलकत्ता, को विशेष लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त करती है :—

तालिका

क्रम सं०	न्यायालय का नाम	विशेष पुलिस स्थापना मामला सं०
1.	तीसरे अपर विशेष न्यायाधीश का न्यायालय, कलकत्ता	श्री बी० एन० बसु के विरुद्ध नियमित मामला सं० 7/73-कलकत्ता ।
2.	—यथोपरि—	श्री एम० एम० राय चौधरी के विरुद्ध नियमित मामला सं० 12/72-कलकत्ता ।
3.	अपर विशेष न्यायाधीश का न्यायालय, कलकत्ता	श्री एन० के० घोष के विरुद्ध नियमित मामला सं० 54/74-कलकत्ता ।
4.	सब-डिविजनल न्यायिक मजिस्ट्रेट का न्यायालय, बैरकपुर	श्री एस० के० दत्त, भा० प्र० से० के विरुद्ध नियमित मामला संख्या 24/75-कलकत्ता ।

[सं० 225/10/79-ए० वी० डी०-II(ii)]

टी० के० सुब्रमण्यन, अवर सचिव

S.O.2622.—In exercise of the powers conferred by sub-section (8) of section 24 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (2 of 1974) the Central Government hereby appoints Shri Durgapada Dutta, Advocate Calcutta, as a Special Public Prosecutor for conducting the prosecution on behalf of the State in the Courts at Calcutta specified in column 2 of the Table below in relation to Special Police Establishment cases shown in column 3 thereof :

TABLE

Serial No. Name of the Court	SPE case No.
(1) Court of 3rd Addl. Special Judge, Calcutta.	Regular case No. 7/73-Calcutta against Shri B.N. Basu.
(2) -do-	Regular case No. 12/72 -Cal. against Shir M.M. Roy Choudhry
(3) Court of Addl. Special Judge, Calcutta.	Regular case No. 54/74-Cal. against Shri N.K. Ghosh.
(4) Court of Sub-Divisional Judl. Magistrate, Barrackpore.	Regular case No. 24/75-Calcutta against Shri S.K. Dutta, IAS.

[No. 225/10/79-AVD.II(ii)]

T. K. SUBRAMANIAN, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 30 जून, 1979

आयकर

का०आ० 2623.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उपखण्ड (iii) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री वी० एस० सावकारे और श्री वी० डी० वातकाला को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं, कर वसूली अधिकारियों की शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करती है ।

2. यह अधिसूचना, श्री वी० एस० सावकारे और श्री वी० डी० वातकाला के कर वसूली अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने की तारीख से लागू होगी ।

[सं० 2900 (फा०सं० 404/132 (क०व०अ०-पुणे)/79-आ०क०स०क०)]

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 30th June, 1979

INCOME-TAX

S.O. 2623.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of

1961), the Central Government hereby authorises S/Shri B. S. Sawkaray and V. D. Dankale being gazetted officers of the Central Government, to exercise the powers of Tax Recovery Officers under the said Act.

2. This Notification shall come into force with effect from the date S/Shri B. S. Sawkaray and V. D. Dankale take over charge as Tax Recovery Officers.

[No. 2900 (F. No. 404/132 (TRO-Pune)/79-ITCC)]

का०आ० 2624.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उप खण्ड (iii) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा, भारत सरकार के राजस्व और बैंकिंग विभाग की दिनांक 14-4-1977 की अधिसूचना सं० 1723 (फा० सं० 404/83/77-आ० क० स० क०) में निम्नलिखित संशोधन करती है अर्थात् उक्त अधिसूचना में "श्री बी० एम० चिचखण्डी, श्री आर० एम० यार्दी, श्री एम० जी० हरतालकर, श्री एस० एम० बगाईतकर और श्री के० आर० दुराफे" शब्दों और अक्षरों के स्थान पर "श्री बी० एम० चिचखण्डी, श्री आर० एम० यार्दी, श्री एम० जी० हरतालकर और श्री के० आर० दुराफे" शब्द और अक्षर प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

[सं० 2902 (फा० सं० 404/132/क०व०अ०-पुणे/79-आ० क० स० क०)]

S.O. 2624.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby makes the following amendment in the notification of the Government of India in he Department of Revenue and Banking No. 1723 (F. No. 404/83/77-ITCC) dated 14-4-1977 namely : In the said Notification for the words and letters "S/Shri B. M. Chinchkhandi, R. M. Yardi, M. G. Hartalkar, S. Bagaitkar and K. R. Duraphe" the words and letters "S/Shri B. M. Chinchkhandi, R. M. Yardi, M. G. Hartalkar and K. R. Duraphe" shall be substituted.

[No. 2902 (F. No. 404/132 (TRO-Pune)/79-ITCC)]

का०आ० 2625.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उप खण्ड (iii) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा भारत सरकार के राजस्व विभाग की दिनांक 22-1-1978 की अधिसूचना सं० 2098 (फा० सं० 404/83/77-आ० क० स० क०) में निम्नलिखित संशोधन करती है अर्थात् उक्त अधिसूचना में "श्री डी० एस० रावल और श्रीमती गीता वी० सुब्रह्मण्यम" शब्दों और अक्षरों के स्थान पर "श्री डी० एस० रावल" शब्द और अक्षर प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

[सं० 2904 (फा० सं० 404/132/क० व० अ०-पुणे/79-आ० क० स० क०)]

S.O. 2625.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby makes the following amendment in the notification of the Government of India in the Department of Revenue No. 2098 (F. No. 404/83/77-ITCC) dated 22-1-78 namely; in the said Notification for the words and letters "Shri D. S. Rawal and Smt. Geetha V. Subramanian" the words and letters "Shri D. S. Rawal" shall be substituted

[No 2904 (F. No 404/132 (TRO-Pune)/79-ITCC)]

का०आ० 2626.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उप खण्ड (iii) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी, श्री के० जे० शाह और श्री आर० एच० शाह को उक्त नियम के अधीन कर-वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है।

2. श्री आर० के० शाह और श्री एम० एम० ब्रह्मभट्ट की कर-वसूली अधिकारी के रूप में जो नियुक्ति 16 फरवरी, 1979 की अधिसूचना सं० 2729 फा० सं० 404/26/78-आ० क० स० क०) के अन्तर्गत अधिसूचित की गयी थी; वह एतद्द्वारा रद्द की जाती है।

3. यह अधिसूचना श्री के० जे० शाह और श्री आर० एच० शाह द्वारा कर-वसूली अधिकारी के रूप में कार्य-भार ग्रहण करने की तारीख से लागू होगी।

[सं० 2906 (फा० सं० 404/73/क० व० अ०-गुजरात/79-आ० क० स० क०)]

S.O. 2626.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises S/Shri K. J. Shah and R. H. Shah being Gazetted Officers of the Central Government, to exercise the powers of Tax Recovery Officers under the said Act.

2. The appointment of S/Shri R. K. Shah and M. M. Brahmbhatt as Tax Recovery Officers made vide Notification No. 2729 (F. No. 404/26/78-ITCC) dated 16-2-1979 hereby cancelled.

3. This Notification shall come into force with effect from the date S/Shri K. J. Shah and R. H. Shah take over charge as Tax Recovery Officers.

[No. 2906 (F. No. 404/73/TRO-Guj/79-ITCC)]

का०आ० 2627.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उप खण्ड (iii) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री बी० के० शाह को जो, केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं उक्त नियम के अधीन कर-वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है।

2. श्री एच० डी० शाह की कर वसूली अधिकारी के रूप में जो नियुक्ति 21 जनवरी, 1979 की अधिसूचना सं० 2152 (फा० सं० 404/39/77-आ० क० स० क०) के अन्तर्गत अधिसूचित की गयी थी वह एतद्द्वारा रद्द की जाती है।

3. यह अधिसूचना श्री बी० के० शाह द्वारा कर वसूली अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से लागू होगी।

[सं० 2908 (फा० सं० 404/73-क० व० अ०-गुजरात/79-आ० क० स० क०)]

S.O. 2627.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises Shri B. K. Shah being a Gazetted Officer of the Central Government to exercise the powers of a Tax Recovery Officer under the said Act.

2. The appointment of Shri H. D. Shah as Tax Recovery Officer made under Notification No. 2132 (F. No. 404/39/77-ITCC) dated 21-1-1978 hereby cancelled.

3. This Notification shall come into force with effect from the date Shri B. K. Shah takes over charge as Tax Recovery Officer.

[No. 2908 (F. No. 404/73/TRO-Guj/79-ITCC)]

का० आ० 2628.—आयकर अधिनियम 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उप-खण्ड (iii) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री जेड० जेड० सैयद को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं उक्त नियम के अधीन कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है।

2. श्री आर० एस० बालसरे की कर वसूली अधिकारी के रूप में जो नियुक्ति 25 मई 1976 अधिसूचना सं० 1332 (फा० सं० 404/98/76-आ० क० स० क०) के अन्तर्गत अधिसूचित की गयी थी, वह एतद्द्वारा रद्द की जाती है।

3. यह अधिसूचना श्री जेड० जेड० सैयद द्वारा कर-वसूली अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से लागू होगी।

[सं० 2910 (फा० सं० 404/73-क०व०अ०/गुजरात/79-आ०क०स०क०)]

S.O. 2628.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises Shri Z. Z. Saiyed being a Gazetted Officer of the Central Government, to exercise the powers of a Tax Recovery Officer under the said Act.

2. The appointment of Shri R. S. Balsare as Tax Recovery Officer made under Notification No. 1332 (F. No. 404/98/76-ITCC) dated 25-5-76 hereby cancelled.

3. This Notification shall come into force with effect from the date Shri Z. Z. Saiyed takes over charge as Tax Recovery Officer.

[No. 2910 (F. No. 404/73/TRO-Guj/79-ITCC)]

का० आ० 2629.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उप-खण्ड (iii) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा, श्री एच० टी० केंगे को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी है, उक्त अधिनियम के अधीन कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करती है।

2. श्री आर० एच० हसीजा की, दिनांक 1 जुलाई 1977 की अधिसूचना सं० 1854 (फा० सं० 404/140/77-आ०क०स०क०) के अन्तर्गत कर वसूली अधिकारी के रूप में की गयी नियुक्ति एतद्द्वारा निरस्त की जाती है।

3. यह अधिसूचना, श्री एच० टी० केंगे के कर वसूली अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने की तारीख से लागू होगी।

[सं० 2912 (फा० सं० 404/23/क०व०अ०-म० प्र०/79-आ०क०स०क०)]

S.O. 2629.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises Shri H. T. Kenge being a gazetted officer of the Central Government, to exercise the powers of a Tax Recovery Officer under the said Act.

2. The appointment of Shri R. H. Hassija as Tax Recovery Officer made under Notification No. 1854 (F. No. 404/140/77-ITCC), dated 1-7-1977 is hereby cancelled.

3. This Notification shall come into force with effect from the date Shri H. T. Kenge takes over charge as Tax Recovery Officer.

[No. 2912 (F. No. 404/23/TRO-MP/79-ITCC)]

का० आ० 2630.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उप-खण्ड (iii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा, श्री एच० सी० थिंड को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी है, उक्त अधिनियम के अधीन कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करती है।

2. श्री डी० आर० नन्दा की, दिनांक 21-9-1978 की अधिसूचना सं० 2120 (फा० सं० 404/110/78-आ०क०स०क०) के अन्तर्गत कर वसूली अधिकारी के रूप में की गयी नियुक्ति निरस्त की जाती है।

3. यह अधिसूचना, श्री एच० सी० थिंड के कर वसूली अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने की तारीख से लागू होगी।

[सं० 2914 (फा० सं० 404/126/क०व०अ०-जालन्धर/79-आ०क०स०क०)]

S.O. 2630.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises Shri H. C. Thind, who is a gazetted officer of the Central Government to exercise the powers of the Tax Recovery Officer under the said Act.

2. The appointment of Shri D. R. Nanda, made under Notification No. 2120 (F. No. 404/110/78-ITCC), dated 21-9-1978 is cancelled.

3. The Notification shall come into force with effect from the date Shri H. C. Thind takes over as Tax Recovery Officer.

[No. 2914 (F. No. 404/126/TRO-Jullundhr/79-ITCC)]

का० आ० 2631.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उप-खण्ड (iii) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा, श्री मोहम्मद हसन को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी है, उक्त अधिनियम के अधीन कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करती है।

2. श्री श्रीविलास की, दिनांक 15-6-1979 की अधिसूचना सं० 2861 (फा० सं० 404/125/(क०व०अ०-बिहार)/79-आ०क०स०क०) के अन्तर्गत कर वसूली अधिकारी के रूप में की गयी नियुक्ति एतद्द्वारा निरस्त की जाती है।

3. यह अधिसूचना, श्री मोहम्मद हसन के कर वसूली अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने की तारीख से लागू होगी।

[सं० 2916 (फा० सं० 404/125/क०व०अ०-बिहार/79-आ०क०स०क०)]

S.O. 2631.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises Shri Md. Hassan being a gazetted officer of the Central Government, to exercise the powers of a Tax Recovery Officer under the said Act.

2. The appointment of Shri Srivilas as Tax Recovery Officer made under Notification No. 2861 (F. No. 404/125 (TRO-Bihar)/79-ITCC), dated 15-6-1979 is hereby cancelled.

3. This Notification shall come into force with effect from the date Shri Md. Hassan takes over charge as Tax Recovery Officer.

[No. 2916 (F. No. 404/125/TRO-Bihar/79-ITCC)]

का० आ० 2632.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उपखण्ड (iii) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा, श्री बी० के० राऊत को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी है, उक्त अधिनियम के अधीन कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करती है।

2. श्री एस० सी० महन्ती की, दिनांक 15-1-1976 की अधिसूचना संख्या 1203 (फा० सं० 404/169/75-आ०क०स०क०) के साथ पठित दिनांक 10-11-1975 की अधिसूचना सं० 1148 (फा०सं० 404/169/75-आ०क०स०क०) के अन्तर्गत की गई नियुक्ति एतद्द्वारा निरस्त की जाती है।

3. यह अधिसूचना, श्री बी० के० राऊत के कर वसूली अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने की तारीख से लागू होगी।

[सं० 2918 (फा० सं० 404/134/क०व०अ०-उड़ीसा/79-आ०क०स०क०)]

S.O. 2632.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises Shri B. K. Rout, being a gazetted officer of the Central Government, to exercise the powers of a Tax Recovery Officer under the said Act.

2. The appointment of Shri S. C. Mohanty as Tax Recovery Officer made under Notification No. 1148 (F. No. 404/169/75-ITCC), dated 10-11-1975 read with No. 1203 (F. No. 404/169/75-ITCC), dated 15-1-1976 is hereby cancelled.

3. This Notification shall come into force with effect from the date Shri B. K. Rout takes over charge as Tax Recovery Officer.

[No. 1918 (F No. 404/134/TRO-Orissa/79-ITCC)]

का० आ० 2633.—आयकर अधिनियम 1961 (1961 का 43) की धारा 2 खण्ड (44) के उपखण्ड (iii) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री आर० के० शर्मा, श्री एल० डी० अग्रवाल तथा श्री एम० एस० मेहरा को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी है, कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है।

2. श्री एच० सी० थिंड तथा श्री एम० जी० शर्मा की जो नियुक्ति 26 अगस्त 1978 की अधिसूचना संख्या 2486 (फा०सं० 404/106/77-आ० क०स०क०) तथा 4-10-1978 की संख्या 2531 (फा० सं० 404/106/77-आ०क०स०क०) के अन्तर्गत अधिसूचित की गयी थी वह एतद्द्वारा रद्द की जाती है।

3. यह अधिसूचना श्री आर०के० शर्मा, एल०डी० अग्रवाल तथा श्री एस०एस० मेहरा द्वारा कर वसूली अधिकारी के रूप में कार्य-भार ग्रहण करने की तारीख से लागू होगी।

[सं० 2920 (फा०सं० 404/133/क०व०अ०-पटियाला/79-आ०क०स०क०)]

S.O. 2633.—In pursuance of sub-clause (iii) of the clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises S/Shri R. K. Sharma, L. D. Aggarwal and S. S. Mehra being gazetted officers of the Central Government, to exercise the powers of Tax Recovery Officers under the said Act.

2. The appointments of Shri H. C. Thind and Shri M. G. Sharma made under Notification No. 2486 (F. No. 404/106/77-ITCC) dated 26-8-78 and No. 2531 (F. No. 404/106/77-ITCC) dt. 4-10-78 respectively are hereby cancelled.

3. This Notification shall come into force with effect from the date S/Shri R. K. Sharma, L. D. Aggarwal and S. S. Mehra take over charge as Tax Recovery Officers.

[No. 2920 (F. No. 404/133/TRO-Patiala/79-ITCC)]

का० आ० 2634.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उपखण्ड के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा भारत सरकार के राजस्व विभाग की, दिनांक 26 मई, 1978 की अधिसूचना में निम्नलिखित संशोधन करती है।

उक्त अधिसूचना में श्री जे०एल० कपूर और 'श्री के०के० शर्मा' शब्दों और अक्षरों के स्थान पर 'श्री जे० एल० कपूर' शब्द और अक्षर प्रतिस्थापित किये जाते हैं।

[सं० 2922 (फा० सं० 404/133/क०व०अ०-पटियाला/79-आ०क०स०क०)]

S.O. 2634.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby makes the following amendment in the notification of the government of India in the Department of Revenue No. 2320 (F. No. 404/106/77-ITCC) dated 26-5-1978 namely; In the said Notification for the words and letters "S/Shri J. L. Kapoor and K. K. Sharma" the words and letters "Shri J. L. Kapoor" shall be substituted.

[No. 2922 (F. No. 404/133/TRO-Patiala/79-ITCC)]

नई दिल्ली, 2 जुलाई, 1979

का० आ० 2635.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उपखण्ड (iii) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा, श्री ओ०एन० दीक्षित को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं, उक्त अधिनियम के अधीन कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करती है।

2. श्री के०एल० मेघ की, दिनांक 23-1-1979 की अधिसूचना संख्या 2676 (फा० सं० 404/17/क०व०अ०-जोधपुर/79-आ०क०स०क०) के अन्तर्गत कर वसूली अधिकारी के रूप में की गयी नियुक्ति एतद्द्वारा निरस्त की जाती है।

3. यह अधिसूचना, श्री ओ०एन० दीक्षित के कर वसूली अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने की तारीख से लागू होगी।

[सं० 2924 (फा० सं० 404/17/क०व०अ०-जोधपुर/79-आ०क०स०क०)]

New Delhi, the 2nd July, 1979

S.O. 2635.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises Shri O. N. Dixit being a gazetted officer of the Central Government, to exercise the powers of a Tax Recovery Officer under the said Act.

2. The appointment of Shri K. L. Megh as Tax Recovery Officer made under Notification No. 2676 (F. No. 404/17/TRO-Jodhpur/79-ITCC), dated 23-1-1979 is hereby cancelled.

3. This Notification shall come into force with effect from the date Shri O. N. Dixit takes over charge as Tax Recovery Officer.

[No. 2924 (F. No. 404/17/TRO-Jodhpur/79-ITCC)]

का० आ० 2636.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उपखण्ड (iii) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा, भारत सरकार के राजस्व विभाग की दिनांक 24-10-1978 की अधिसूचना संख्या 2554 (फा० सं० 404/91/77-आ०क०स०क०) में, जिसे दिनांक 23-1-1979 की अधिसूचना संख्या 2674 (फा० सं० 404/17/क०व०अ०-जोधपुर/79-आ०क०स०क०) के जरिये संशोधित किया गया था, निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् उक्त अधिसूचना में "श्री पी०एस० पुरी और श्री आर०सी० गोस्वामी" शब्दों और अक्षरों के स्थान पर "श्री आर०सी० गोस्वामी" शब्द और अक्षर प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

[सं० 2926 (फा० सं० 404/17/क०व०अ०-जोधपुर/79-आ०क०स०क०)]

एच० वेंकटरामन्, उप-सचिव

S.O. 2636.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby makes the following amendment in the Notification of the Government of India in the Department of Revenue No. 2554 (F. No. 404/91/77-ITCC), dated 24-10-1978 and modified vide No. 2674 (F. No. 404/17/TRO-Jodh/79-ITCC), dated 23-1-1979 namely; In the said Notification for the words and letters "S/Shri P. S. Puri and R. C. Goswami" the words and letters "Shri R. C. Goswami" shall be substituted.

[No. 2926 (F. No. 404/17/TRO-Jodh/79-ITCC)]

H. VENKATARAMAN, Dy. Secy.

(आर्थिक कार्य विभाग)

(पूंजी निर्गम नियंत्रक का कार्यालय केन्द्रीय सचिवालय)

नई दिल्ली 13 जुलाई, 1979

अधिसूचना

का० आ० 2637.—केन्द्रीय सरकार इस अधिसूचना द्वारा पूंजी निर्गम (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 (1947 का 29) की धारा 11 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस मंत्रालय की दिनांक 22 जुलाई, 1977 की अधिसूचना संख्या का० आ० 2442 के अन्तर्गत पूंजी निर्गम नियंत्रण के लिए गठित परामर्शदात्री समिति की अवधि को 22-7-1979 से एक वर्ष तक की अवधि के लिए बढ़ाती है।

[एफ० 16(1)-सी०सी०आई०/77]

ए०वी० गणेशन, संयुक्त सचिव

(Department of Economic Affairs)

Office of the Controller of Capital Issues

Central Secretariat

New Delhi, the 13th July, 1979

S.O. 2637.—In exercise of the powers conferred by Section 11 of the Capital Issues (Control) Act, 1947 (29 of 1947), the Central Government hereby extends the tenure of the Advisory Committee on Capital Issues Control constituted under this Ministry's Notification No. S.O. 2442, dated 22nd July, 1977 by a period of one year with effect from 22nd July, 1979.

[F. 16(1)-CCI/77]

A. V. GANESAN, Jt. Secy.

New Delhi, the 16th July, 1979

CORRIGENDUM

S.O. 2638.—In Ministry of Finance, Department of Economic Affairs, (Banking Division)'s Notification of even number dated 25th June, 1979, relating to the appointment of the Chairman of Magadh Gramin Bank, Gaya, the words "Shri B. K. Prasad" occurring in the third line thereof may be substituted by the words "Shri R. K. Prasad".

[No. F. 3-1/79-RRB]

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 19 जुलाई, 1979

का० आ० 2639.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) (जिसे इसमे आगे उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 56 के साथ पठित धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और 29 मई, 1976 के भारत राजपत्र के भाग 2, खण्ड 3, उप-खण्ड (2) में पृष्ठ 1817 पर प्रकाशित 5 मई, 1976 की, भारत सरकार, राजस्व और बैंकिंग विभाग (बैंकिंग पक्ष) की अधिसूचना सं० एफ० 8/12/76-ए०सी० के अनुक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 18 और 24 के उपबन्ध 22 जुलाई, 1979 से तीन वर्ष की और अवधि के लिये किसी सहकारी बैंक पर वहां तक लागू नहीं होंगे, जहां तक कि वह यह अपेक्षा करते है कि वह सहकारी बैंक, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम अधिनियम, 1962 (1962 का 26) के अधीन स्थापित राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम से इस बैंक द्वारा लिये गये ऋणों या अग्रिमों से उत्पन्न होने वाले दायित्व के सम्बन्ध में क्रमशः नकद और आरक्षित और परिसम्पत्तियों की प्रतिशतता बनाये रखेगा :

परन्तु शर्त यह है कि उक्त अधिनियम की धारा 18 के अधीन नकद आरक्षित और धारा 24 की उपधारा (2क) के खण्ड (क) के अधीन उक्त बैंक द्वारा सभी अन्य मांग और सावधिक दायित्वों के संबंध में रखी गयी परिसम्पत्तियों की गणना करते समय, उक्त निगम से लिए गए ऋण का असंवितरित अंश और उक्त निगम से लिए गए ऋणों के खाते की गयी, किन्तु उक्त निगम को अप्रेषित वसूलियां शामिल नहीं की जायेंगी।

[संख्या 8(22)/79-ए०सी०]

दिनेश चन्द्र, निदेशक

(Banking Division)

New Delhi, the 19th July, 1979

S.O. 2639.—In exercise of the powers conferred by section 53 read with section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), (hereafter referred to as the said Act), and in continuation of the notification of the Government of India, Department of Revenue and Banking (Banking Wing) No. F. 8/12/76-AC, dated the 5th May, 1976 published at page 1817 of the Gazette of India, Part II, Section 3, sub-section (ii) dated the 29th May, 1976, the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of sections 18 and 24 of the said Act shall not for a further period of three years from 21st July, 1979 apply to a co-operative bank in so far as they require the co-operative bank to maintain the percentage of cash reserve and assets respectively mentioned therein in respect of liabilities arising out of the loans or advances availed of by such bank from the National Co-operative Development Corporation established by Government of India under the National Co-operative Development Corporation Act, 1962 (26 of 1962) :

Provided that in computing the cash reserve under section 18 and the assets which the said bank maintained under clause (a) of sub-section (2A) of section 24 respectively of the said Act, in respect of all other demand and time liabilities, the undisbursed portion of the loan availed of from the Corporation and the unremitted recoveries to the Corporation on account of the borrowing from the Corporation shall be excluded.

[No. 8(22)/79-AC]

DINESH CHANDRA, Director

नई दिल्ली, 18 जुलाई, 1979

का० आ० 2640.—भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 50 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत सरकार मैसर्स पी०के० चोपड़ा एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स, एन-84, कनाट प्लेस, नई दिल्ली को 1978-79 वर्ष के लिए भारतीय रिजर्व बैंक का लेखा परीक्षक नियुक्त करती है।

[संख्या एफ० 1(6) 79-एकाउंट]

एन० बालासुब्रह्मण्यन, उप-सचिव

New Delhi, the 18th July, 1979

S.O. 2640.—In exercise of the powers conferred by Section 50 of the Reserve Bank of India Act, 1934 (2 of 1934), the Central Govt. hereby appoints M/s. P. K. Chopra and Co., Chartered Accountants, N-84 Connaught Circus, New Delhi as Auditors of the Reserve Bank of India for the year 1978-79.

[No. 1(6)79/Accts]

N. BALASUBRAMANIAN, Dy. Secy.

का० आ० 2641.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पठित धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर, एतद्द्वारा घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 9 के उपबन्ध इस अधिसूचना के भारत के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से 28 फरवरी, 1982 तक की अवधि के लिये हरदा कोआपरेटिव सेंट्रल बैंक लि०, होशंगाबाद पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जहां तक उनका सम्बन्ध इसकी गैर-बैंकिंग परिसम्पत्ति अर्थात् पिपरिया रेलवे स्टेशन के पास एक भवन की धारिता से है।

[सं० 8(19) 79-ए०सी०]

S.O. 2641.—In exercise of the powers conferred by Section 53 read with Section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendations of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of Section 9 of the said Act shall not apply to the Harda Co-operative Central Bank Ltd., Hoshangabad in so far as they relate to its holding of a non-banking asset viz. a building near Railway Station Pipariya for the period from the date of publication of this notification in the Gazette of India to 28th February, 1982.

[No. 8(19)/79-AC]

नई दिल्ली, 11 जुलाई, 1979

का० आ० 2642.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के साथ पठित धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से एतद्द्वारा घोषित करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबन्ध इस अधिनियम के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से 29 फरवरी, 1980 तक की अवधि के लिए दिल्ली स्टेट कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड, दिल्ली पर लागू नहीं होंगे।

[संख्या 8(20) 79-ए०सी०]

यशवन्त राज, अवर सचिव

New Delhi, the 11th July, 1979

S.O. 2642.—In exercise of the powers conferred by Section 53 read with Section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of sub-section (1) of section 11 of the said Act shall not apply to the Delhi State Co-operative Bank Ltd., Delhi for a period from the date of publication of this notification in the official gazette to 29th February, 1980.

[No. 8(20)/79-AC]

YASHWANT RAJ, Under Secy.

नई दिल्ली, 19 जुलाई 1979

का॰ आ॰ 2643.—औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम 1948 (1948 का 15) की धारा 21 की उपधारा (2) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के निदेशक मंडल की सिफारिश पर, एतद्द्वारा उक्त निगम द्वारा 9 अगस्त, 1979 को जारी किये जाने वाले और 9 अगस्त, 1989 को परिपक्व होने वाले बाडों पर दी जाने वाली ब्याज की दर 6-1/2 प्रतिशत (साढ़े छ प्रतिशत) वार्षिक तय करती है।

[संख्या एफ॰ 2(50) आई॰एफ॰-1/79]

बी॰सी॰ पटनायक, निदेशक

New Delhi, the 19th July, 1979

S.O. 2643.—In pursuance of sub-section (2) of section 21 of the Industrial Finance Corporation Act, 1948 (15 of 1948), the Central Government on the recommendation of the Board of Directors of the Industrial Finance Corporation of India, hereby fixes 6,1/2 per cent (six and a half per cent) per annum as the rate of interest payable on the bonds to be issued by the said Corporation on 9th August, 1979 and maturing on 9th August, 1979.

[No. F. 2(50)IF.I/79]

B. C. PATNAIK, Director

नई दिल्ली, 21 जुलाई, 1979

का॰ आ॰ 2644.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर, एतद्द्वारा घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (2) के उपबन्ध इस अधिसूचना की तारीख से दो वर्षों की अवधि तक के लिये बैंक आफ इंडिया बम्बई पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जहां तक उनका संबंध इसके द्वारा मैसर्स गोल्ड मोहर मिल्स लि॰, बम्बई के शेयरों की धारिता से है।

[संख्या 15(18)-बी॰ओ॰-III/79]

New Delhi, the 21st July, 1979

S.O. 2644.—In exercise of the powers conferred by Section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of sub-section (2) of Section 19 of the said Act shall not apply for a period of two years from the date of this notification to the Bank of India, Bombay, in so far as they relate to its holding of the shares in M/s. Gold Mohur Mills Ltd., Bombay as pledgee.

[No. 15(18)-B.O. III/79]

का॰ आ॰ 2645.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा यह घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 9 के उपबन्ध, 8 जून, 1980 तक पंजाब एण्ड सिंध बैंक लिमिटेड, नई दिल्ली पर गैर-बैंकिंग परिसम्पत्तियों अर्थात् दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र में ग्राम पासोंगीपुर स्थित 3 बीघा 12 बिस्वे माप वाली जमीन पर तथा ग्राम असलतपुर खादर के बराबर वाली एक बीघा जमीन पर लागू नहीं होंगे।

[संख्या 15(16)-बी॰ओ॰-III/79]

S.O. 2645.—In exercise of the powers conferred by Section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, hereby declares that the provisions of Section 9 of the said Act shall not apply upto 8th June 1980 to the Punjab & Sind Bank Ltd., New Delhi, in respect of the non-banking assets, viz. properties admeasuring 3 Bighas 12 Biswas of land in Passongipur village and 1 Bigha in adjoining village Asalatpur Khadar in Union Territory of Delhi.

[No. 15(16)-B. O. III/79]

नई दिल्ली, 23 जुलाई, 1979

का॰ आ॰ 2646.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर, एतद्द्वारा घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (2) के उपबन्ध एक वर्ष की और अवधि के लिये अर्थात् 28 अप्रैल, 1980 तक यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जहां तक उनका सम्बन्ध बैंक द्वारा प्लेजी के रूप में स्टैण्डर्ड मोपेड कम्पनी प्रा॰ लि॰, कलकत्ता के शेयरों की धारिता से है।

[संख्या 15(8)-बी॰ओ॰-III/79]

New Delhi, the 23rd July, 1979

S.O. 2646.—In exercise of the powers conferred by section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government on the recommendation of the Reserve Bank of India hereby declares that the provisions of sub-section (2) of section 19 of the said Act shall not apply to United Bank of India for a further period of 1 year i.e. upto 28th April, 1980 in respect of the shares of Standard Moped Co. Pvt. Ltd., Calcutta held by it, as pledgee.

[No. 15(8)-B. O. III/79]

का॰ आ॰ 2647.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर, एतद्द्वारा घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (2) के उपबन्ध इस अधिसूचना के जारी होने की तारीख से 2 वर्षों की अवधि के लिये यूनाइटेड बैंक आफ इण्डिया पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जहां तक उनका सम्बन्ध उक्त बैंक के प्लेजी के रूप में एस्काल इण्डिया प्रा॰ लि॰, कलकत्ता के शेयरों की धारिता से है।

[संख्या 15(19)-बी॰ओ॰-III/79]

S.O. 2647.—In exercise of the powers conferred by section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government on the recommendation of the Reserve Bank of India hereby declares that the provisions of sub-section (2) of section 19 of the said Act shall not apply to United Bank of India for a period of 2 years from the date of issue of this notification in respect of the shares of the Escal India Pvt. Ltd., Calcutta held by it as pledgee.

[No. 15(19)-B. O. III/79]

का॰ आ॰ 2648.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर, एतद्द्वारा घोषित करती है कि उपर्युक्त अधिनियम की धारा 19(2) के उपबन्ध 21 जुलाई, 1979 से दो वर्ष की अवधि के लिए यूनाइटेड बैंक आफ इण्डिया, कलकत्ता पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जहां तक कि उनका सम्बन्ध इस बैंक द्वारा बंगाल इनेमल वर्क्स लिमिटेड के 6.56 लाख रुपये मूल्य के शेयर अपने पास गिरवीदार के रूप में रखने से है।

[सं॰ 15(21)-बी॰ओ॰-III/79]

एन॰ डी॰ बत्रा, अवर सचिव

S.O. 2648.—In exercise of the powers conferred by Section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of sub-section (2) of section 19 of the said Act will not apply to the United Bank of India, Calcutta for a period of two years from the 21st July, 1979, in so far as they relate to its holding in the shares of the paid up value of Rs. 6.56 lakhs of the Bengal Enamel Works Ltd., Calcutta, as pledgee.

[No. 15(21)-B. O. III/79]

N. D. BATRA, Under Secy.

नई दिल्ली, 20 जुलाई, 1979

आदेश

का०आ० 2649.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के खण्ड (यख) के साथ पठित धारा 45 की उपधारा (2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार उक्त धारा 45 की उपधारा (1) के अन्तर्गत भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिये गये आवेदन-पत्र पर विचार करने के बाद यूनाइटेड मर्केन्टाइल कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड, अहमदाबाद (जिसे इसके पश्चात् सहकारी बैंक कहा गया है) के सम्बन्ध में, एतद्द्वारा 21 जुलाई, 1979 को बैंक का कारोबार बन्द होने से लेकर 19 जुलाई, 1980 तक और उस दिन को मिलाकर, अधिस्थगन आदेश जारी करती है, जिसके अनुसार अधिस्थगन आदेश की अवधि के दौरान इसे सहकारी बैंक के विरुद्ध सभी कार्रवाइयों का शुरू किया जाना अथवा शुरू की गई कार्रवाइयों को जारी रखना स्थगित किया जाता है बशर्ते कि इस प्रकार के स्थगन का किसी भी प्रकार से गुजरात सहकारी समितियां अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत गुजरात सरकार द्वारा प्रयोग में लाये जाने वाले उसके अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

2. केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निदेश देती है कि उसके द्वारा स्वीकृत अधिस्थगन की अवधि के दौरान यह सहकारी बैंक भारतीय रिजर्व बैंक को लिखित पूर्वानुमति के बिना कोई ऋण अथवा अग्रिम नहीं देगा, अथवा उसका नवीकरण नहीं करेगा, यह बैंक अपने सामान्य कारोबार के दौरान की स्थिति को छोड़कर, कोई सम्पत्ति नहीं देगा अथवा नहीं बेचेगा, किसी प्रकार का दायित्व स्वीकार नहीं करेगा, कोई निवेश नहीं करेगा, अथवा अपने दायित्वों और देनदारियों के सम्बन्ध में अथवा अन्य किसी प्रकार की अदायगी नहीं करेगा अथवा अदायगी करना स्वीकार नहीं करेगा अथवा किसी प्रकार का समझौता अथवा ठहराव नहीं करेगा किन्तु वह निम्नलिखित तरीके से और निम्नलिखित सीमा तक यथास्थिति अदायगियां अथवा खर्च कर सकेगा:—

(1) प्रत्येक बचत बैंक अथवा चालू खाते अथवा किसी भी नाम से पुकारे जाने वाले किसी अन्य जमा खाते में शेष रकम में से निम्नलिखित राशि तक:—

जमा राशि	देय राशि
50 रुपये तक	पूरी
50 रुपये से अधिक	जमा राशि का 10 प्रतिशत अथवा 50 रुपये, दोनों में से जो भी अधिक हो।

बशर्ते कि अदा की गई रकम की कुल सीमा किसी एक व्यक्ति (किसी अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त खाते में नहीं) के नाम से खाते में कुल जमा राशि के 10 प्रतिशत से अधिक अथवा 50 रुपये, इनमें से जो भी अधिक हो, उससे ज्यादा न हो:

बशर्ते कि ऐसे किसी जमाकर्ता को कोई और रकम अदा नहीं की जाएगी जो किसी प्रकार सहकारी बैंक का कर्जदार हो;

(2) ऐसे किसी बैंक ड्राफ्ट, पे आर्डर अथवा चैकों की राशि जो सहकारी बैंक ने उस तारीख को जारी कर दिये हैं और उनकी अदायगी नहीं की गई है, जिस तारीख को स्थगन आदेश लागू होता है,

(3) 21 जुलाई, 1979 को अथवा उससे पूर्व भुगतान के लिए प्राप्त हुण्डियों और उस तारीख से पहले, उस तारीख को अथवा उस तारीख के बाद वसूल की गई हुण्डियों की राशियां;

(4) ऐसा कोई व्यय, जो सहकारी बैंक के द्वारा अथवा उसके विरुद्ध दायर किये गये मुकदमें, अपील अथवा सहकारी बैंक द्वारा या उसके विरुद्ध ली गई डिगरी या बैंक को मिलने वाली किसी रकम को वसूल करने के सम्बन्ध में करना आवश्यक हो;

बशर्ते कि मुकदमें, अपील अथवा डिगरी के सम्बन्ध में किये जाने वाले व्यय कम राशि 250 रुपये से अधिक हो तो खर्च करने से पहले भारतीय रिजर्व बैंक की लिखित अनुमति ली जाएगी; और

(5) किसी अन्य मद पर कोई व्यय, जहां तक कि वह व्यय सहकारी बैंक के विचार से बैंक का दैनिक प्रशासन चलाने के लिए करना अनिवार्य हो:

बशर्ते कि जहां एक कैलेण्डर मास में किसी एक मद पर किया गया कुल खर्च अधिस्थगन आदेश से पहले छः कैलेण्डर महीनों में उस मद पर किये गये औसत मासिक व्यय से बढ़ जाता हो अथवा जहां उस मद के सम्बन्ध में कोई व्यय नहीं किया गया हो और उस पर किया जाने वाला व्यय 250 रुपये की राशि से बढ़ जाये तो उस प्रकार का व्यय करने से पहले भारतीय रिजर्व बैंक की लिखित रूप से अनुमति ली जायेगी।

3. केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा यह भी निदेश देती है कि इस सहकारी बैंक के अधिस्थगन की अवधि के दौरान:—

(क) यह सहकारी बैंक निम्नलिखित अदायगियां कर सकेगा, अर्थात् सरकारी प्रतिभूतियों अथवा अन्य प्रतिभूतियों पर गुजरात सरकार अथवा गुजरात राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड अथवा भारतीय स्टेट बैंक अथवा उसके किसी अनुषंगी बैंक अथवा किसी अन्य बैंक द्वारा सहकारी बैंक को दिये गये ऋणों और अग्रिमों को अधिस्थगन आदेश के प्रभावी होने की तारीख को चुकाये जाने शेष थे, की अदायगी के लिए जो आवश्यक हो;

(ख) यह सहकारी बैंक पूर्वोक्त अदायगियां करने के लिए गुजरात राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड अथवा किसी अन्य बैंक के साथ अपने खाते में लेन-देन कर सकता है:

परन्तु इस आदेश का ऐसा कोई आशय नहीं होगा कि इस सहकारी बैंक को किसी रकम के दिये जाने से पहले गुजरात राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड अथवा वैसे किसी बैंक को इस सम्बन्ध में अपने आपको आश्वस्त करना होगा कि इस आदेश द्वारा लगाई गई शर्तों का इस बैंक द्वारा पालन किया जा रहा है;

(ग) यह सहकारी बैंक, उन हुण्डियों को, जो वसूल न की गई हों, उनको प्राप्त करने के हकदार व्यक्ति के अनुरोध पर लौटा सकेगा, यदि इस सहकारी बैंक का उन हुण्डियों पर कोई अधिकार अथवा हक न हो अथवा वैसी हुण्डी में उसका कोई हित न हो;

(घ) सहकारी बैंक ऐसे माल अथवा प्रतिभूतियों को जो इस बैंक के पास किसी ऋण, नकद कर्ज, अथवा ओवर ड्राफ्ट के बदले गिरवी, दृष्टि बन्धक अथवा बन्धक रखी गई हों अथवा अन्यथा प्रभारित की गई हों, निम्नलिखित तरीके से और सीमा तक छोड़ अथवा दे सकता है।

(1) किसी ऐसे मामले में, जहां सहकारी बैंक को ऋणकर्ता अथवा ऋणकर्ताओं में से जो भी हो उससे बिना शर्त प्राप्त की गई सभी राशियों की पूरी अदायगी करनी हो; और

(2) किसी अन्य मामले में, निर्दिष्ट अनुपात से नीचे अथवा उन अनुपातों से नीचे जो अधिस्थगन आदेश के प्रभावी होने से पहले लागू थे, इनमें से जो भी ऊंचे हों, उतने उक्त माल और प्रतिभूतियों पर मार्जिन के अनुपात को कम किये बिना उतनी रकम जितनी आवश्यक अथवा सम्भव हो।

[सं० 8(21) 79-ए० सी०]

माधव वैद्य, अवर सचिव

New Delhi, the 20th July, 1979

ORDER

S.O. 2649.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 45, read with clause (zb) of section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, after considering the application made by the Reserve Bank of India under sub-section (1) of the said section 45, hereby makes an order of moratorium in respect of the United Mercantile Cooperative Bank Ltd., Ahmedabad (hereinafter referred to as the Cooperative Bank), for the period from the close of business on the 21st July, 1979 upto and inclusive of the 19th January, 1980 staying the commencement or continuance of all actions and proceedings against the Cooperative Bank during the period of moratorium, subject to the condition that such stay shall not in any manner prejudice the exercise by the Government of Gujarat of its powers under the Gujarat Cooperative Societies Act, 1961.

2. The Central Government hereby directs that, during the period of the moratorium granted to it, the Cooperative Bank shall not, without the prior permission in writing of the Reserve Bank of India, grant any loan, make or renew any advances, nor alienate or dispose of any assets of the bank except in the ordinary course of business, incur any liability, make any investment or make or agree to make any payment, whether in discharge of its liabilities or obligations or otherwise or enter into any compromise or arrangements, except making of payments, or incurring of expenditure, as the case may be, to the extent and in the manner provided hereunder :—

(i) Out of the balance in every savings bank or current account or in any other deposit account, by whatever name called, a sum not exceeding the following :—

Deposit amount	Amount payable
Upto Rs. 50	In full
Above Rs. 50	10 per cent of the deposit or Rs. 50 whichever is higher.

Provided that the sum total of the amounts paid in respect of the accounts standing in the name of any one person (and not jointly with that of any other person) does not exceed 10 per cent of total deposit, or Rs. 50 whichever is higher.

Provided further that no amount shall be paid to any depositor who is indebted to the Cooperative Bank in any way;

(ii) the amounts of any drafts or pay orders or cheques issued by the Cooperative Bank and remaining unpaid on the date on which the order of moratorium comes into force;

(iii) the amounts of the bills received for collection on or before 21 July, 1979 whether realised before, on or after that date;

(iv) any expenditure which has necessarily to be incurred in connection with any suits or appeals filed by or against, or decrees obtained by or against, the Cooperative Bank, or for realising any amounts due to it;

Provided that if the expenditure in respect of each such suit or appeal or decree is in excess of Rs. 250, the permission in writing of the Reserve Bank of India shall be obtained before the expenditure is incurred; and

(v) any expenditure on any other item in so far as it is in the opinion of the Cooperative Bank necessary for carrying on the day-to-day administration of the Cooperative Bank :

Provided that where the total expenditure on any item in any calendar month exceeds the average monthly expenditure on account of that item during the six calendar months preceding the order of moratorium, or, where no expenditure has been incurred on account of that item during the said period and the expenditure on such item exceeds a sum of Rs. 250, the permission in writing of the Reserve Bank of India shall be obtained before the expenditure is incurred.

3 The Central Government hereby also directs that, during the period of the moratorium granted to it, the Cooperative Bank—

(a) may make the following further payments, namely, the amounts necessary for repaying loans or advances granted against Government securities or other securities to the Cooperative Bank by the Government of Gujarat or the Gujarat State Cooperative Bank Ltd. or the State Bank of India or any of its subsidiaries or by any other bank and remaining unpaid on the date on which the order of moratorium comes into force;

(b) may operate its accounts with the Gujarat State Cooperative Bank Ltd. or with any other bank for the purposes of making the payments aforesaid :

Provided that nothing in this order shall be deemed to require the Gujarat State Cooperative Bank Ltd. or such other bank to satisfy itself that the conditions imposed by this order are being observed before any amounts are released in favour of the Cooperative Bank;

(c) may return any bills which have remained unrealised to the persons entitled to receive them on a request being made in this behalf by such persons, if the Cooperative Bank has no right or title to, or interest in such bills;

(d) may release or deliver goods or securities which have been pledged, hypothicated or mortgaged or otherwise charged to it against any loan, cash credit or overdraft, in the manner and to the extent—

(i) in any case in which full payment towards all the amounts due from the borrower or borrowers, as the case may be, has been received by the Cooperative Bank, unconditionally, and

(ii) in any other case, to such an extent as may be necessary or possible, without reducing the proportions or the margins on the said goods or securities below the stipulated proportions, or the proportions which were maintained before the order of moratorium came into force, whichever may be higher.

[No. 8(21)/79-AC]

M. R. VAIDYA, Under Secy.

सीमा तथा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समाहर्ता का कार्यालय

बंगलौर, 23 जून, 1979

सीमाशुल्क

का० आ० 2650.—सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 9 (1962 का 52) द्वारा प्रदत्त तथा भारत सरकार, वित्त मंत्रालय की तारीख 18 जुलाई, 1975 की अधिसूचना संख्या 79 सीमाशुल्क—फा० सं० 473/2/75 सीमाशुल्क-7 द्वारा प्रत्यायोजित शक्तियों का प्रयोग करते हुए, समाहर्ता, सीमा तथा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, बंगलौर कर्नाटक समाहर्तालय ने एतद्द्वारा कर्नाटक राज्य के मैसूर जिले के मैसूर तालुक के "मेटगल्लि ग्राम" को "भाण्डागार केन्द्र" घोषित किया है।

[संख्या 2/79/सी० सं० VIII 40/4/79 सीमाशुल्क)]

टी० एम० स्वामिनाथन, समाहर्ता

OFFICE OF THE COLLECTOR OF CUSTOMS AND CENTRAL EXCISE

Bangalore, the 23rd June, 1979

CUSTOMS

S.O. 2650.—In exercise of the powers conferred under Section 9 of the Customs Act, 1962 (52 of 1962), read with Notification No. 79/Customs/F. No. 473/2/75/Cus.-VII, dated 18-7-75 of the Government of India, Ministry of Finance (Department of Revenue), the Collector of Central Excise and Customs, Bangalore, Karnataka Collectorate hereby declares "METAGALLI VILLAGE" situated in Mysore Taluk, Mysore District in the State of Karnataka to be a warehousing station.

[No. 2/79/C. No. VIII/40/4/79-Cus.]

T. S. SWAMINATHAN, Collector

केन्द्रीय प्रत्यक्ष-कर बोर्ड

नई दिल्ली, 18 जुलाई, 1978

आयकर

